प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में दो दिवसीय बजट पूर्व संगोष्ठी में सरकार को मिले 800 से ज्यादा सुझाव, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर।
2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची में भारतीय सेना के नए रक्षा संपदा उप–कार्यालय का करेंगे उद्घाटन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी समारोह में होंगे शामिल।
3. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में कई योजनाएं जनता को किया समर्पित, भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार पर बोला तीखा हमला।
4. रांची में खेले गये पुरुष हॉकी इंडिया लीग के अंतिम घरेलू मुकाबले में रांची रायल्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 4–1 से शिकस्त दी, अंक तालिका में तीसरे स्थान पर।
5. सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के छह जिलों में आज भी शीतलहर की चेतावनी, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक बढ़ने का जताया अनुमान।

*****************

राज्य सरकार 2026–27 के आगामी वित्तीय वर्ष का बजट तैयार करने में जुटी है, जिसके लिए दो दिवसीय बजट पूर्व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें 800 से ज्यादा सुझाव सरकार को प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विभागों को व्यय पर ध्यान केंद्रित करने, जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कृषि, सिंचाई और मैट्रिक पास युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। बजट पूर्व गोष्ठी में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य की चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बजट बढ़ाने की मांग की।

*****************

राज्यपाल संतोष गंगवार आज रांची के रेडियम रोड चौक पर भारतीय सेना के नए रक्षा संपदा उप–कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस नए कार्यालय के खुलने से रक्षा भूमि प्रबंधन और सैन्य संपदा से जुड़े कार्यों में तेजी आएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उद्घाटन समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल होंगे।

*****************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा के सतगावां में कई योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला।

वहीं, बाबूलाल मरांडी ने सुदूरवर्ती इलाकों में डिग्री कॉलेजों को जल्द शुरू करने की मांग विधानसभा में उठाने की बात कही।

*****************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन अधिनियम का समर्थन करते हुए इसे ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून ग्रामीणों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी और समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने भगवान राम के नाम पर विरोध करने के लिए विपक्ष की आलोचना की।

*****************

पूर्व विधायक शहीद महेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर गिरिडीह के बगोदर में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शहीद महेन्द्र सिंह के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया।

*****************

आदिवासी संगठनों द्वारा आज आहूत झारखंड बंद को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

*****************

जामताड़ा के नाला में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

*****************

राज्य के 51 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। इसके लिए केवल अनुसूचित जनजाति के छात्र ही पात्र होंगे। प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को आयोजित की जाएगी। आवेदन फॉर्म प्रखंड या जिला कल्याण कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

*****************

नालसा और झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय विशेष अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0 शुरू किया गया है। 2 जनवरी से 31 मार्च  तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के जरिए अदालती मामलों का निपटारा करना है। लोहरदगा के प्रधान जिला जज राजकमल मिश्रा ने न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक मामले सुलझाने का निर्देश दिया।

*****************

धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने फर्जी बेलरों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। 2025 तक जेल से छूटे अपराधियों के जमानतदारों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि 31 जनवरी तक 3400 अपराधियों का वेरिफिकेशन पूरा होगा, जिससे संगठित अपराध और फर्जी बेल नेटवर्क को खत्म किया जा सके।

*****************

राज्य के सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम सहित छह जिलों में आज भी शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। लोगों को सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक बढ़ने का अनुमान जताया है। इससे ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

*****************

रांची रॉयल्स ने कल अपने घरेलू मैदान पर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 4–1 से हराकर मेंस हॉकी इंडिया लीग के घरेलू चरण का शानदार समापन किया। रांची की यह लगातार तीसरी जीत थी, जिसने उन्हें अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। रांची की जीत के हीरो टॉम बून रहे, जिन्होंने 20वें और 22वें मिनट में दो गोल किए। मनमीत सिंह राय ने 14वें मिनट में पहला और मंदीप सिंह ने 47वें मिनट में चौथा गोल कर जीत सुनिश्चित की।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा इडी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस की जांच पर रोक लगाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड में 27 जनवरी को होगी नगर निकाय चुनाव की घोषणा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– दारोगा मीरा सिंह पर चलेगा मनी लांड्रिंग का मुकदमा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मुख्यमंत्री ने और 100 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को दी स्वीकृति।

दैनिक जागरण लिखता है– ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सीएम से संवाद करेंगी प्रोफेसर अल्पा और माया।

*****************